Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to expedite construction of new railway lines in Maharashtra.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर): महोदय, वर्ष 2018-19 में तीन नई रेल लाइनों अर्थात् खानापुर-परली वैजनाथ, लातूर रोड –परली वैजनाथ और परली वैजनाथ-घाटनान्दूर का सर्वेक्षण किए जाने का अनुमोदन किया गया था । ट्रेनों के क्रॉसिंग, रेल इंजनों की दिशा बदलना आदि कामों में बहुत अधिक समय बर्बाद होता है । यही नहीं सम्पर्क सुविधा की दृष्टि से भी इन नई रेल लाइनों का बिछाया जाना बहुत जरूरी है । लगभग दो साल का समय बीत जाने पर अभी तक इनका सर्वेक्षण कार्य पूरा नहीं हो पाया है । इन लाइनों के बन जाने से इस सेक्शन में रेल यातायात बहुत सुविधापूर्ण हो जाएगी, नई रेलगाड़ियों का चलाया जाना संभव होगा तथा साथ ही साथ रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी ।

इस सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि ऊपर वर्णित तीनों रेल लाइनों का सर्वेक्षण कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूरा करवाकर इन रेल लाइनों का निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा किए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं ।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती पूनमबेन हेमतभाई माडम – अनुपस्थित ।